28 Ambikapur-BHOOMI-pg 1_Layout 1 12/28/2023 9:40 PM Page 1


# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसम्बर 2023

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग खत्म होने पर कीमतें सामान्य




**खबर संक्षेप**

## पैसा नहीं देने पर पत्नी को उतारा मौत के घाट, गया जेल



**सूरजपुर/सोनगरा।** खाने पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ मारपीट किया बल्कि बांस के डंडे से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही खड़गवां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आज आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीडांड झिंगादोहर निवासी देवनाथ पण्डो आ. स्व. राम दुलारी पण्डो (30 वर्ष) बुधवार को पत्नी सोनमेत (28 वर्ष) से खाने पीने के लिए पैसा की मांग कर रहा था। पत्नी सोनमेत ने पैसा नहीं होने की बात कहकर पैसा देने से इंकार दी। पैसा नहीं मिलने से नाराज हुए पति ने विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने बांस के डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दिया जिससे सोनमेत की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर शिव प्रसाद पण्डो ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आज आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, एएसआई कृष्ण कुमार सिंह, आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, रामाधार सिंह, भगत सिंह, अनिल एक्का व राकेश सिरदार सक्रिय रहे।

### अनियंत्रित रफ्तार बनी मौत का कारण

# एनएच पर टाटा मैजिक की टक्कर से गिरे बाइक सवार, पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

गुरुवार की देर शाम एनएच 43 पर हुए टाटा मैजिक वाहन की टक्कर से सड़क पर गिरे बाइक सवारों को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने घेराबंदी आकर पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। दो दिनों के भीतर एनएच पर क्षेत्र के तीन युवकों की मौत से मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत जूनापारा मंगारी निवासी 33 वर्षीय बाबूलाल आ. सुखदेव अपने साथी 36 वर्षीय जयमल आ. स्व. मुगता के साथ बाइक

**खास बात**

- एक युवक की मौके पर हुई मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।


क्रमांक सीजी 17 ⏭ शेष पेज 4 पर


### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**प्रतापपुर।** क्रिकेट खेल कर साथी के साथ घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पार्वतीपुर निवासी भानु टोप्पो आ. अरविंद टोप्पो मंगलवार को कसकेला में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच खेलने अपने साथियों के साथ गया था। मैच समाप्त होने पर उसके साथी घर लौट गए जबकि भानु अपने साथ भुनेश्वर राजवाड़े के साथ उसके रिश्तेदार के यहां चले। बीती रात दोनों वापस बाइक से घर आने लगे और जैसे ही सिवानी खदान के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में भानु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

# खण्डहर में मादा भालू ने दिया दो शावकों को जन्म

**अम्बिकापुर।** वन विकास निगम के पार्वतीपुर जंगल से सटे एक खण्डहर में मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है। सूचना पर निगम के अधिकारियों ने शावकों की निगरानी के लिए वनकर्मियों को तैनात किया है। वनकर्मी नियमित शावकों की निगरानी कर रहे हैं।



वन विकास निगम के अंतर्गत रामानुजनगर परिक्षेत्र के पार्वतीपुर बीट में एक सप्ताह पूर्व एक मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है। जंगल किनारे बना ग्रामीण का घर लम्बे समय से खाली पड़ा है तथा देख-रेख के अभाव में खण्डहर बन गया है। दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने खण्डहर में भालू के नवजात शावकों को देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन कर्मियों को दी। सूचना पर मंगलवार को दोपहर वनकर्मियों ने खण्डहर का निरीक्षण किया तो वहां दो शावक घूमते मिले। इस दौरान खण्डहर में मादा भालू मौजूद नहीं थी। परिसर रक्षक प्रमोद कुमार सिंह इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी तो अधिकारियों ने शावकों की निगरानी करने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया। निर्देश पर वनकर्मी देर शाम तक खण्डहर के पास मौजूद रहे तथा मादा भालू के पहुंचने पर वहां से हट गए। वनकर्मी ग्रामीणों को खण्डहर की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहे हैं तथा खण्डहर के पास जाने पर मादा भालू द्वारा हमला करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वनकर्मी सुबह से शाम तक भालू के शावकों की निगरानी कर रहे हैं। वनरक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों शावक स्वस्थ हैं तथा खण्डहर में इधर-उधर घूम रहे हैं।

# पांचवें दिन निकाला गया पलटनघाट में डूबे युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान

प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट पलटन घाट में डूबे युवक का शव आज पांचवें दिन बरामद कर लिया गया है। शव की तलाश में चार दिनों तक एसडीआरएफ के साथ ही उड़ीसा से आई एनडीआरएफ की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया और आज सुबह अंततः युवक शव काफी गहराई से बरामद किया गया। फिलहाल शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बता दें कि झारखंड के घड़वा निवासी 20 वर्षीय उज्जवल यादव अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए 24 दिसंबर को पलटनघाट आया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण उज्जवल डूब गया था। इस दौरान उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम युवक की तलाश होमगार्ड के गोताखोरों की मदद से कर रही थी लेकिन इसमें सफलता नहीं मिलने पर अंबिकापुर से एसडीआरएफ की टीम को



बुलाया गया था लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा उड़ीसा के कटक से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। लगातार चार दिनों तक अभियान चलाए जाने के बाद आज पांचवे दिन युवक का शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि युवक का शव नदी में पत्थरों के बीच फंसा हुआ था। एनडीआरएफ की टीम द्वारा मशीनों की सहायता से लगातार पानी के अंदर हलचल की जा रही थी जिससे शव बाहर निकल पाया। शव को आज सुबह पानी से बाहर निकालने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां परिजन की मौजूदगी में पीएम किया गया और पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।


अब एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लॉस्टी की सुविधा अपने लाईफ लाईन हॉस्पिटल अम्बिकापुर में

03 जनवरी 2024 को छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एस.मोहन्ती

डॉ. एस.एस. मोहन्ती
MD.,DM
F.E.S.C., F.S.C.A.I., F.A.C.C.(USA)
Interventional Cardiologist
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

स्थानः- लाईफ लाईन हॉस्पिटल, पॉलिटेक्नीक कॉलेज के सामने, रिंग रोड, अम्बिकापुर
समयः- सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

ईको सुविधा उपलब्ध

( समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध )
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी एवं पेसमेकर

पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्कः-
7354882583 / 9755534404
CSEB,CISF,CRPF,CGHS,ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त

एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
वी.आई.पी. इस्टेट, अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर छ.ग. फोन नं. 8839800123





29-Dec AMBIKAPUR- Bhoomi pg 2_Layout 1 12/28/2023 9:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मंजुला को दिल्ली में मिलेगा कबीर कोहिनूर सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** मंजुला कौरव अंशिवा को दिल्ली में कबीर कोहिनूर सम्मान से नवाजा जाएगा। दिव्य प्रेरक कहानियां मानवता अनुसंधान के द्वारा देशभर से चयनित 100 उम्मीदवारों में छग से सुश्री मंजुला कौरव का चयन कबीर कोहिनूर सम्मान के लिए किया गया है। संत श्री कबीर साहेब के 506 में महानिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अंतरराष्टीय हाल जनपथ रोड में आयोजित होगा। आयोजन कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान के भारत भूषण महंत डॉक्टर नानक दास महाराज के नेतृत्व में 25 फरवरी 2024 को किया जाएगा।



### झूठी शिकायत करने पर कार्रवाई की मांग

**जनकपुर।** भरतपुर ब्लाक के व्हाट्सअप ग्रुप एवं उच्चाधिकारियों को झूठी शिकायत करने वाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पीड़ति महिला बुधवार को पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रेमकला ने बताया कि वर्ष 2022 में मेरी नियुक्ति ब्लाक भरतपुर के ग्राम कन्नौज में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के पद पर हुई है, तब से ग्राम कन्नौज निवासी दयाशंकर पतवार मेरे खिलाफ उच्चाधिकारियों के पास शिकायत करता है।

### बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 10 वीं 12 वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का समय-सारणी जारी कर दिया है। जारी निर्देश के अनुसार हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 2 मार्च 2024 से शुरू होकर 21 मार्च 2024 को समाप्त हो जाएगी, वहीं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च 2024 को समाप्त हो जाएगा। उक्त दोनों परीक्षाएं अपने निर्धारित तिथि को सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त दोनों बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हिन्दी विषय से परीक्षा की शुरूआत होगी, इसके पूर्व विद्यालयों में आगामी माह जनवरी से बोर्ड परीक्षा के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित होना शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के कई विद्यालयों में अभी कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। चुनाव कार्य के चलते विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित हुआ, इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जल्द कोर्स पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अविभाजित कोरिया जिले में 150 अमृत सरोवर बने

**बैकुण्ठपुर।** जल है तो कल है इस ध्येय की अवधारणा के साथ भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मिशन अमृत सरोवर आरंभ किया गया। इसके तहत अविभाजित कोरिया जिले में कुल 150 अमृत सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया। अविभाजित कोरिया जिले में कुल पांच जनपद पंचायतों की भौगोलिक स्थिति असमतल व पहाड़ी होने के कारण निर्धारित क्षेत्रफल अनुसार भूमि का चयन व पुराने सरोवर का चयन करने में कुछ दिक्कतें आईं, इसके बाद लक्षित 150 सरोवर में कराए जाने वाले कार्यों का चिन्हांकन कर पहले ग्रामीणों की सहमति से जिम्मेदारी तय की गई और सभी कार्यों के लिए के बाद तकनीकी प्रस्ताव बनाकर सभी कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### मरम्मत का कार्य जारी, वाहनों को बिर्रा पुल से किया परिवर्तित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले महानदी पुल में मरम्मत का कार्य चल रहा है। महानदी पुल में भारी वाहनों का आवागमन, यातायात दबाव एवं जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले मार्ग को परिवर्तित किया है।

## एसडीएम अंकिता ने की कार्रवाई, लगातार जारी है प्रशासनिक कार्रवाई

# अवैध धान खपाते 390 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में इन दिनों अवैध धान भंडारण और परिवहन की सूचना पर प्रशासनिक अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार की अलसुबह एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम की उपस्थिति में राजस्व अमले द्वारा 390 बोरी अवैध धान जब्त की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार भाड़ी निवासी रामकृष्ण साहू द्वारा वाहन में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर राजस्व अमले की टीम यहां पहुंची। पूछताछ करने के दौरान वाहन चालक द्वारा धान के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में धान और गाड़ी को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि दो पिकअप वाहनों में 390 बोरी धान लोड था, इसके बाद वाहन चालकों से धान में बारे में पूछा गया। दोनों गाड़ी के चालकों द्वारा ठीक से जवाब नहीं दिया गया। मालिक से बात की गई, लेकिन चालक और मालिक के बात में भी विरोधाभास था।



एसडीएम के मौजूदगी में जब्त किए गए धान।

### पंडो किसान के खाते में धान खपाने की थी सूचना

28 दिसंबर को बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम को भाड़ी निवासी राम कृष्ण साहू द्वारा दो पिकअप वाहन में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर अधीनस्थ कर्मियों के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक पीवीटीजी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पंडो किसान के खाते में अवैध रूप से खपाने ले जाया जा रहा था। वाहन व 390 बोरी धान को जब्त कर सील की गई और थाना भेजा गया। पंडो के घर में जांच पंचनामा कर जानकारी दी गई कि अब तक धान घर में रखा गया है, विक्रय के लिए नहीं ले जाया गया है।

### 2 दिन पहले भी हुई थी कार्रवाई

विदित हो कि 2 दिन पहले बैकुंठपुर के मेर्सस मोहित राइस मिल में अवैध धान भंडारण व परिवहन की सूचना मिलने के बाद एसडीएम सुबह 4:30 बजे कार्रवाई की थी। धान को अवैध तरीके से खपाने की तैयारी के बाद प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर को कब्जे में कर मोहित राइस मिल को सील करने की कार्रवाई भी की गई थी। लगातार कार्रवाई के बाद उपार्जन केन्द्रों में धान खपाने वाले बिचौलियों में कमी आने की बात कही जा रही है।

### कोर्ट में होगी मामले की सुनवाई

गुरुवार की सुबह 5 बजे एसडीएम बैकुंठपुर अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की है। इस मौके पर उपस्थित राजस्व अमले ने धान की बोरियों समेत वाहनों को भी जब्त कर लिया है। जब्ती के बाद वाहनों को थाने भेजा गया है। धान समेत पिकअप वाहन को भी जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि अब इसकी सुनवाई कोर्ट में होगी, इसके बाद ही गाड़ी और धान को रीलिज किया जा सकता है।



कार्यक्रम में उपस्थित केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

## प्रत्येक व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभः श्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिले तीन जनपदों के 6 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

जिले के तीन जनपद पंचायत इसमें मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत कोथारी, सिरौली, सोनहरी तथा सलवा, विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत ओहनिया एवं सेमरिहा तथा विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत दुबछोला तथा भुकभुकी पहुंचा। भुकभुकी ग्राम पंचायत के शिविर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हुए। ग्राम पंचायत भुकभुकी में इस दौरान मंत्री ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ का पंचायत स्तर पर गठित स्वागत तथा उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने रथ के माध्यम प्रधानमंत्री का संदेश सुनाए उसके बाद संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्री जायसवाल बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की ब्लैक शिप योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, इसमें आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण, विश्वकर्मा योजना, पीएम आवास योजना, सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंच रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। जिले में चिन्हित किए गए स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मंत्री ने हितग्राहियों को कैलेण्डर, टोपी, तथा टी-शर्ट का वितरण किया। मंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत भुकभुकी को ओडीएफ प्लस होने पर प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान बैकुंठपुर जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री ने कार्यक्रम उपस्थित लोगों को भारत विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

■ शिविर में शामिल हुए केबिनेट मंत्री जायसवाल

## जनदर्शन में वृद्धा पेंशन, नल कनेक्शन जैसे आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वनमंडलाधिरी लोक नाथ पटेल की उपस्थिति में अपर कलेक्टर अनिल सिदार तथा संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा ने समय-सीमा की संयुक्त बैठक ली। समय-सीमा के बैठक पश्चात जनदर्शन के आवेदनों में पैतृक संपत्ति में दावेदारी के लिए, राजस्व रिकार्ड में नाम जुड़वाने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, नल कलेक्शन, बकाया भुगतान जैसी मांग थी।

आवेदक मनेन्द्रगढ़ की श्रीमती ज्ञान देवी गुप्ता ने वृद्धा पेंशन, दर्रीटोला की रामपति ने जमीन संबंधी, माला बाई ने विधवा पेंशन, एकता नगर खोंगापानी के चंद्रबली ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बकाया भुगतान के लिए, चनवारीडांड़ की लीलावती ने खाद्यान्न के लिए, खोंगापानी के विवेक चतुर्वेदी ने नियम विरूद्ध कार्य करने संबंधी आवेदन दिए, इसके साथ ही समस्त वार्डवासी वार्ड क्रमांक मनेन्द्रगढ़ के निवासियों ने घरों में नल कनेक्शन के लिए आवेदन दिए।



जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे आवेदक।

## महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनीं लालमुनी

**बैकुण्ठपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवधारी यादव एवं राजकुमार यादव तथा कोरिया अध्यक्ष सुशील कुमार के अनुशंसा पर नपाध्यक्ष शिवपुर चरचा श्रीमती लालमुनी यादव को अखिल भारतवंशी यादव महासभा के महिला मोर्चा अध्यक्ष जिला कोरिया के पद पर नियुक्त किया है। इस आशय का आदेश अखिल भारतवंशी यादव महासभा के सरगुजा संभाग अध्यक्ष परमानंद यादव ने जारी कर निर्देशित किया है कि शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें, जिससे कि अनुमोदन पश्चात जारी किया जा सके।



## बरबसपुर के डॉ. अखिलेश हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में 9 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईएनसीपीटीए एम्स 2023 का आयोजन किया गया। इसमें देश और विदेश से लगभग 500 फिजियोथेरेपी चिकित्सकों ने शिरकत की। इस सम्मेलन में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए असाधारण योगदान के लिए पूरे देश से एमसीबी जिले के बरबसपुर निवासी डॉ.अखिलेश साहू को सोशल एक्सीलेंस अवार्ड के लिए चुना गया और उन्हें फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए असाधारण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।




अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अखिलेश का सम्मान करते अतिथि।

## रकया के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**बैकुण्ठपुर।** 26 दिसंबर को कन्या विद्यालय बैकुंठपुर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अयोजक एवं अतिथि जिला शिक्षा प्रतिनिधि व्हीएम भट्ट, बीआरसी प्रमुख नीलेश शुक्ला, बीईओ देवेश जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सेजेस महलपारा से दीपाली गुप्ता, रुपेश यादव ने भाषण दिया। गर्ल्स बैकुंठपुर से सोनाली एवं ग्लोबल विद्यालय जमगहना से कविता ने गीतों के माध्यम से प्रस्तुति दी। मिडिल स्कूल पुलिस लाइन से शीतल पटवा ने भाषण में भाग लिया, तात्कालिक निबंध प्रतियोगिता में भी बच्चों ने भाग लिया, मिडिल स्कूल रकया के बच्चों में सावित्री, आरती, सुनैना, खुशी ,संध्या, खुशबू, रविना, आशा, प्रिंसी, ओम, तुकेश, फलेन्द्र, जगदीश के द्वारा मोनो एक्टिंग व नाटक के द्वारा कहानी गीतों के माध्यम से रोल प्ले किया गया। संकुल प्राचार्य ब्रिज नारायण मिश्रा के मार्गदर्शन में रकया से बच्चों के प्रशिक्षक कानन गुप्ता के द्वारा बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में गर्ल्स बैकुंठपुर के प्राचार्य, सीएसी अध्यक्ष भोला राम साहू, एलआर गौतम, अमृत बैरागी समेत जिलेभर से शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## स्वामी आत्मानंद में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम

**एमसीबी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं गुरू गोविंद सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए बड़ा गौरव का दिन है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने वीर बालकों की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को आलोक जायसवाल, सरजू यादव, नीरज अग्रवाल, जेके सिंह, राहुल सिंह, डॉ. रश्मि सोनकर, गुरमीत सिंह जुनेजा ने भी अपना अनुभव साझा किया। अपर कलेक्टर अनिल सिदार ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा कि शिक्षा संस्कृति का संवाहक होता है। उन वीर बालकों का शहादत की गाथा आज याद कराने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा फोटो, पोस्टर प्रदर्शनी तथा स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। कुमारी दिलप्रीत कौर ने साहिबजादों के सम्मान में अरदास किया। कुमारी श्रुति रोहरा, कुमारी संस्कृति विश्वकर्मा एवं हिमांशु दास के द्वारा चित्रमय काव्य पाठ किया गया। दीपा पुरी, कुमारी पूर्णिमा जायसवाल, कुमारी हरगुन कौर के द्वारा कविता पाठ किया गया। विद्यालय के दया सिंह एवं ग्रुप के द्वारा शस्त्र प्रदर्शन किया गया। इसके बाद समस्त कविता पाठ करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जसपाल कालरा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा नारायण प्रसाद तिवारी ने मंच का संचालन किया।

## गहरे गड्ढे से विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

**चरचा कॉलरी।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत सरडी बांधपारा में ग्राम पंचायत की मनमानी से लोग परेशान हैं। दरअसल करीब महीनेभर पहले यहां के पूर्व माध्यमिक शाला पंडोपारा में ग्राम पंचायत द्वारा बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन बाउंड्री वॉल बनाने के लिए करीब 5 फीट गहरे गड्ढे खोदकर उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया है। शासकीय विद्यालय में ऐसे ही खुले छोड़े गए गड्ढ़ों के कारण लोग परेशान हैं। वहीं विद्यालय में आने-जाने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि ऐसे ही खुला छोड़े गए गड्ढे में जहां छोटे विद्यार्थियों को गिरने का खतरा बना हुआ है, तो वहीं करीब महीनेभर से मैदान में खेलने के लिए विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग किनारे खोदे गए गड्ढ़ों के कारण लोगों के भी इसमें गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। विदित हो कि ग्राम पंचायत ने अब यहां काम करना भी बंद कर दिया है, लोगों की माने तो ठेकेदार और ग्राम पंचायत के बीच सामंजस्य नहीं होने के कारण यहां बाउंड्री बनाने के लिए चल रहा निर्माण कार्य अभी बंद है, तो वहीं ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि कुछ दिनों में बाउंड्री बनाने का कार्य फिर से शुरू हो जाएगा।



### जिपं सीईओ व संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों से किया आह्वान

## विकसित भारत का संकल्प लेकर गांव-गांव में पहुंच रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने निर्धारित रूट के अनुसार पहुंच रही है। इसके लिए बकायदा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यात्रा के पड़ाव पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इस संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर यह अभियान यात्रा के तौर पर प्रारंभ किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस यात्रा के माध्यम से प्रत्येक केन्द्रीय योजना के पात्र हितग्राही का पंजीयन कर पूरे क्षेत्र को संतृप्त करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। योजनाओं का लाभ पाने लायक प्रत्येक व्यक्ति तक योजना पहुंचे इसी महती उद्देश्य के साथ यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव तक जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीकरण का लाभ दिया जा रहा है साथ ही उनके पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण आजीविका मिशन, वंचितों के लिए सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना जैसी सभी योजनाओं के पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सुपोषण योजना, पीएम किसान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी सीधे पंजीयन कर पात्रों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। कोरिया जिले वासियों से इस यात्रा में जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने आगामी दिनों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी रूट की जानकारी साझा की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन 29 दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मझगवां और दूसरे पाली में दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत नरकेली में उपलब्ध रहेगा, जहां ग्राम पंचायत भवन परिसर में विभागीय अधिकारी आमजन की सुविधा व योजनाओं के पंजीयन के लिए उपस्थित रहेंगे। वहीं 29 दिसंबर को ही जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी और दूसरे पाली में ग्राम पंचायत पुसला में यह यात्रा आयोजित की जा रही है। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत 30 दिसंबर को ग्राम पंचायत कछार में प्रथम पाली में तथा ग्राम पंचायत मधला में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने मिशन मोड में करें कार्य



**सोनहत।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत सोनहत ने जनपद पंचायत सभा कक्ष में प्रधान मंत्री आवास योजनांतर्गत स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराने गुरुवार को तकनीकी सहायकों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों की पंचायत वार समीक्षा की। विदित हो कि विकासखंड सोनहत अंतर्गत वर्ष 2018 से 2022-23 तक 6251 आवास स्वीकृत हुए हैं, इसमें 2030 आवास अपूर्ण है। अपूर्ण आवास को पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों से सतत संपर्क स्थापित कर प्रगति लाने निर्देश दिए। तृतीय किश्त प्राप्त आवास जो टॉप लेवल में है उसे 7 दिवस के भीतर पूर्ण कराने मिशन मोड में काम करें। वर्तमान में किन्ही कारणों से आवास निर्माण कार्य बंद है, उसे तत्काल चालू कराएं। बार-बार बोलने पर भी काम बंद आवास जिसे हितग्राही चालू नहीं करता है तो तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव रोजगार सहायक एवं मेट की गठित टीम द्वारा समझाइश दी जाए, तथा मौके पर पंचनामा तैयार कराए, यदि 7 दिवस में भी कार्य चालू नहीं करता है, तो कार्य चालू करने नोटिस जारी करें। गबन वाले प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए ,जिससे वसूली की कार्रवाई की जा सके। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत नाडेप टांका व्यक्तिगत-सामुदायिक शौचालय नरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्य, तीन एसएलडब्लू सेंटर, तीन अपूर्ण नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र को माह जनवरी 2024 तक पूर्ण करने निर्देश दिए गए।

## लोकसभा चुनाव के लिए बनीं रणनीति

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान सभी कांग्रेसी एक साथ मिलकर कांग्रेस को मजबूत बनाने एवं आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में विजय बनाने का आह्वान किया। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष समस्त कांग्रेसजन 28 दिसंबर को कांग्रेस की स्थापना दिवस के रूप में धूम धाम के साथ मनाया गया और सभी कांग्रेस परिवार को बधाई दी गई। कांग्रेस परिवार उत्साह दिखाते हुए सबका एक आवाज था जनता के लिए जनता की आवाज बनकर संघर्ष करते रहेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है, कांग्रेस पार्टी एक राजनीतिक पार्टी के साथ एक विचारधारा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, जिला प्रवक्ता सौरभ गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ,शैलेन्द्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लालमुनि यादव, साधना जायसवाल, कोरिया जिले के सभी पदाधिकारीउपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए माल्यार्पण



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 28 दिसंबर को पार्टी की 139 वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी शहर के जिला जेल के सामने स्थित गांधी उद्यान में इस दिन एकत्र होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, नपाध्यक्ष शिवपुर चरचा श्रीमती लालमुनी यादव, भूपेन्द्र यादव, रियाजुद्दीन, दीपक गुप्ता, साहेब सिंह काकू, सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिविर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सलका-अघिना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका के रासेयो इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय ठाकुर पारा पकनी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन योग एवं पीटी पश्चात छात्राओं ने प्राथमिक शाला परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। दोपहर को बौद्धिक सत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेंद्रा से श्रीमती सरोज राजवाड़े एमएलटी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पकनी से श्रीमती उर्मिला राजवाड़े की टीम द्वारा शिविरार्थी छात्राओं एवं अन्य बच्चों का हीमोग्लोबिन एवं सिकलिंग टेस्ट किया गया। श्रीमती रंजना घोष एवं समाज सेविका ने नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया तथा नशा मुक्ति की शुरुआत अपने घर - परिवार और आस-पास से करने की बात कही। नवजीवन ज्योति सामाजिक समूह के सामाजिक कार्यकर्ता विकास प्रजापति द्वारा विधिक साक्षरता संबंधित जानकारी प्रदान की गई। संध्या कालीन सत्र में शिविरार्थियों ने नशा मुक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### सर्पदंश से पीड़ित युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** मां के साथ बाड़ी जा रही युवती को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रामचंदरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अबादी निवासी अमीना सिंह आ. बधंन सिंह (22 वर्ष) शुक्रवार को मां के साथ घर के समीप बाड़ी में जा रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप काटने की जानकारी लगते ही परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाइक भिड़ंत में मितानिन की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा मार्ग पर दो बाइक के सामने-सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार मितानिन की मौत हो गई जबकि सवार अन्य लोग घायल हो गए। मितानिन परिचित के साथ गांव के ही एक प्रसूता को लेकर अस्पताल लेकर जा रही थी तभी दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम जजागी निवासी मितानिन ठूनी बाई पति जयनाथ (55 वर्ष) बुधवार को पंकज नामक व्यक्ति के साथ उसके बाइक से एक प्रसूता को बगीचा अस्पताल भर्ती कराने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मितानिन गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पेज 1 का शेष...

### एनएच पर टाटा मैजिक...

ओएफ 5800 से किसी काम से निकला हुआ था और दोनों वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान देर शाम सेदम पुलिया के समीप पीछे से आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 डीयू 2632 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले की घायल युवकों को सड़क से उठने का मौका मिलता अंबिकापुर की ओर जा रहे खाली ट्रक क्रमांक एनएल 01 जी 2099 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर घायल युवकों को कुचल दिया। इस घटना में बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जयमल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जानकारी मिलने के बाद बतौली पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दुर्घटनाकारित ट्रक को पकड़ लिया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## यूपी से मंगाया जा रहा टमाटर

# पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग खत्म होने पर कीमतें सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग घटने के बाद कीमतें धडाम हो गई है। हालांकि सब्जियों की खुदरा कीमतों में अत्यधिक गिरावट नहीं आई है। व्यवसाई आने वाले समय में उत्पादन बढ़ने के कारण कीमतें और नीचे जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- नई फसल आने पर गिरी प्याज की कीमत

सरगुजा में सब्जी उत्पादन के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। गांव-गांव में किसान सब्जियों की खेती कर रहे हैं। कम रकबे में अच्छा उत्पादन मिलने एवं अधिक आय होने से अन्य किसान भी सब्जियों की खेती से जुड़ते जा रहे हैं। अत्यधिक उत्पादन होने के कारण मांग के अनुसार यहां की सब्जियां दूसरे राज्यों में भेजी जाती है तथा यह क्रम पूरे साल चलते रहता है। पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग बढ़ने पर उत्पादकों को अच्छी आय होती है तथा स्थानीय बाजार में सब्जियों की उपलब्धता कम होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच जाती है। एक महीने पूर्व पड़ोसी राज्यों में टमाटर की मांग बढ़ने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई थी लेकिन बाहरी राज्यों में मांग खत्म होते ही एक महीने पूर्व थोक में 700 रूपए कैरेट एवं खुदरा में 40 रूपए किलो बिकने वाले टमाटर की कीमत थोक में 250 से 300 रूपए कैरेट एवं खुदरा में 15-20 रूपए पहुंच गई है। अब सरगुजा में टमाटर की फसल लगभग सूख गई है तथा स्थानीय जरूरतें पूरी करने यूपी से टमाटर मंगाया जा रहा है। हर रोज यूपी का 30 पिकअप टमाटर स्थानीय बाजारों में खप रहा है। किसानों ने टमाटर की नई फसल लगाई है जिसकी फसल फरवरी में तैयार होगी। नई फसल तैयार होने तक दूसरे राज्यों के टमाटर से स्थानीय जरूरतें पूरी होंगी। मौसम अनुकूल होने के कारण वर्तमान में आलू, फूलगोभी, पत्ता गोभी, मटर, सेम, बरबट्टी सहित विभिन्न प्रकार के शाक-भाजियों का पर्याप्त उत्पादन होने के कारण कीमतें सामान्य है। सब्जियों की खुदरा कीमतों पर नियंत्रण नहीं होने के कारण अभी भी काफी असमानता है।


मण्डी में बोली लगाते व्यवसायी।

**पर्याप्त उत्पादन**

सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन होने एवं पड़ोसी राज्यों में मांग नहीं होने के कारण अभी कीमतें सामान्य है। भविष्य में उत्पादन की वृद्धि होने के कारण कीमतों में और अधिक कमी आने की संभावना है। टमाटर का उत्पादन कम होने के कारण यूपी के टमाटर से मांगे पूरी की जा रही है।

-काशीनाथ केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी व्यवसायी संघ

### खरीफ आलू की बड़ी मांग

मैनपाट के खरीफ आलू की उपलब्धता के बाद पिछले एक महीने से पठारी क्षेत्र से खरीफ आलू की आवक बडे पैमाने पर हो रही है। प्रारंभ में पड़ोसी राज्यों में खरीफ आलू की मांग अधिक होने के कारण कीमत अधिक थी। अभी भी सरगुजा का आलू, सेम व गोभी अल्प मात्रा में उड़ीसा जा रहा है लेकिन उत्पादन अधिक होने के कारण थोक में आलू 15 रूपए, गोभी 20 रूपए, मटर 25 रूपए किलो बिक रहा है। नई फसल आने के बाद खुदरा में 65 रूपए किलो बिकने वाला प्याज की कीमत 30 रूपए पहुंच गई है। थोक में प्याज 20-25 रूपए किलो बिक रहा है। उत्पादन बढ़ने के बाद अदरख की कीमत भी गिरी है तथा थोक में 120 रूपए किलो बिकने वाला अदरख 80 रूपए किलो बिक रहा है। लहसून की कीमतें अभी भी आसमान पर है। व्यवसायी नई फसल आने के बाद ही कीमतों में कमी आने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में लहसून 200 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। भविष्य में सब्जियों का उत्पादन बढ़ने के कारण कीमतों में गिरावट होने की संभावना है।

## शराब में मिलावटः आबकारी उप निरीक्षक निलंबित, चार कर्मचारी ब्लैक लिस्टेड

**अंबिकापुर।** मिलावटी शराब बिक्री के मामले में वायरल वीडियो के आधार पर आबकारी आयुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त ने काम करने वाले चार लोगों को ब्लैक लिस्टेड कर सेवा से पृथक कर दिया गया है इसके साथ ही प्रभारी अधिकारी आबकारी निरीक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि सरगुजा में समय समय पर शराब में मिलावट किए जाने का मामला सामने आते रहता है। आबकारी विभाग की मदद से दुकानों में शराब की बोतलों में पानी मिलाकर बेचने की अनेकों घटनाएं सामने आ चुकी है। वहीं हाल ही में मिलावट का एक और मामला सामने आया था। हालांकि यह वीडियो एक माह पुराना बताया जा रहा है लेकिन हाल ही में दुकान में ही काम करने वाले एक कर्मचारी ने इसे वायरल कर दिया था। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कुछ कर्मचारी शराब की सीलबंद बोतलों को खोलकर उसमें से शराब को एक बाल्टी में भर रहे है और उसमें पानी मिलाकर फिर से पैक किया जा रहा है। इसके साथ ही निकाली गई शराब को खाली बोतलों में भरकर बेचा जाता है। शराब में की गई मिलावट से शराब पीने वालों को नुकसान हो रहा है जबकि इस अवैध कारोबार के माध्यम से लाखों रुपए का घोटाला भी किया जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद रायपुर से आबकारी आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान मिलावट की पुष्टि होने के बाद आबकारी आयुक्त ने विक्रयकर्ता ब्रिज बिहारी गुप्ता, विजय नंद राजवाड़े, मल्टीपर्पस वर्कर सुरेश कुमार राजवाड़े व सुरक्षा गार्ड रामसेवक तिर्की को ब्लैक लिस्टेड करने के साथ ही सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में घोर लापरवाही को देखते हुए प्रभारी अधिकारी आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू को भी निलंबित किया गया है। निलंबित आबकारी उप निरीक्षक को संभागीय उड़न दस्ता कार्यालय में अटैच किया गया है। इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन बड़ी बात तो यह है कि वीडियो वायरल होने व वस्तु स्थिति से अवगत होने के बाद भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे स्थानीय अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

- वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी आयुक्त ने की कार्रवाई



## हाथियों ने 2 घरों में की तोड़-फोड, फसलों को किया तबाह

**बिहारपुर।** हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है ए क महीने की राहत के बाद पिछले 3 दिनों से 7 हाथियों का दल क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात हाथियों का दल मोहरसोप बस्ती में घुस गया तथा दो घरों में तोड़-फोड़ मचाने के बाद घर में रखा अनाज खा गए। घर में तोड़-फोड़ मचाने के बाद हाथी पूरी रात फसलों को तबाह करते रहे। पिछले एक महीने से हाथियों की आवाजाही बंद होने के कारण क्षेत्र में राहत थी लेकिन पिछले दिनों तीन दिनों से क्षेत्र का भ्रमण कर रहे 7 हाथियों का दल ने फिर से ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। बीती रात हाथियों के मोहरसोप बस्ती में पहुंचने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। खेतों में धान की फसल कटने के बाद भोजन की तलाश में हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं। कुछ देर तक गांव में घूमने के बाद हाथियों ने मोतीलाल विश्वकर्मा पिता केवल प्रसाद एंव दया राम पिता लाल साय पंडो के घरों मे तोड़-फोड की एवं घर में रखा अनाज खा गए। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घरों मे तोड़-फोड़ करने के बाद हाथी पूरी रात सरसों, आलू, अरहर सहित अन्य फसलों को तबाह करते रहे। वन अमला ग्रामीणों को नियमित जागरूक कर रहा है। हाथियों का दल दिन में गुरूघासी दास अभ्यारण्य में आराम कर रहा है तथा शाम होते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहा है।

### 27 हाथियों ने तीन घरों को ढहाया

**धौरपुर।** वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत ढोरना जंगल में भ्रमण कर रहे 27 हाथियों के दल ने बीती रात तीन घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चटकर गए। सोमवार की रात ग्राम डांडगांव में पूरी रात उत्पात मचाने के बाद हाथी वापस ढोरना जंगल में लौट आए थे। मंगलवार को हाथी पूरी रात गन्ना की फसल से अपनी भूख मिटाते रहे। 6 एकड़ से अधिक गन्ना की फसल रौंदने के बाद हाथी गांव में पहुंच गए तथा बस्ती के किनारे के घरों में तोड़-फोड़ मचाने लगे। हाथियों ने गांव के कोमल पिता किरकू, नैहर साय पिता रती एवं अनिरूद्ध पिता बहाल के घर को ढहा कर खण्डहर ना दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। वन अमले ने तोड़-फोड़ मचाने की संभावना पर शाम ढलते ही परिवार के सदस्यों को सुरक्षित ठिकानों पर भेज दिया था।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी

**लहपटरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत लहपटरा में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार के साथ भागीदारी से एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रमुख योजनाएं स्वच्छता सुविधा, आवश्यक वित्त सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, आवास, खाद्य, सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मेंद्र राजवाड़े, दिनेश बारी, विष्णु, गोपाल, बुद्धदेव, अजय रामधन, रामप्रवेश, राम बिहारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## कटकर अलग हुए अंगूठे के साथ पहुंचा था युवक, डॉक्टरों ने पुनः जोड़ा



**अंबिकापुर।** दिल्ली व रायपुर जैसे बड़े शहरों में मिलने वाली उपचार सुविधाएं अब शहर में ही उपलब्ध हो पा रही है और सरगुजा के चिकित्सक भी ऐसा कारनामा कर रहे है जो देखने में लोगों को असंभव सा लगता है। ऐसा ही एक मामला शहर के संजीवनी हॉस्पिटल में सामने आया है जहां आरा मशीन में कटकर अलग हुए हाथ के अंगूठे को डॉक्टर ने पुनः जोड़ दिया है। अंगूठा कटने के बाद उम्मीद खो चुका युवक अब एक बार फिर से अपना कार्य सामान्य रूप से कर पाएगा। बताया जा रहा है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व आमलगीर हुसैन नामक युवक शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित संजीवनी आई एंड फ्रेक्चर हॉस्पिटल में पहुंचा था। युवक अपने साथ अपने हाथ से कटकर अलग हुए अंगूठे को लेकर पहुंचा था। युवक का कटा हुआ अंगूठा देखने के बाद चिकित्सक भी हैरान रह गए लेकिन उन्होंने समय रहते मरीज के अस्पताल पहुंचने पर उसका उपचार शुरू किया। अस्पताल में उपलब्ध प्लास्टिक एंड री-कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. दानिश व चिकित्सकों की टीम ने लगतार कई घंटों तक ऑपरेशन कर युवक के कटे हुए अंगूठे को पुनः हाथ में जोड़ने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि मरीज के अंगूठे की हड्डी, खून की नसें व तंतु आपस में सही तरीके से जुड़ सके और अब इसका परिणाम भी सुखद रूप में सामने आया है। डॉक्टरों की मेहनत की बदौलत ना सिर्फ युवक का अंगूठा फिर से जुड़ गया है बल्कि पूरी तरह से काम भी कर रहा है। आरा मिल में काम करने के दौरान अपना अंगूठा गवाने वाले युवक का अंगूठा पुनः जुड़ने के बाद उसमें फिर से सामान्य रूप से काम करने की आस बढ़ी है। वहीं इस मामले में दिल्ली जैसे महानगर में रहकर चिकित्सकीय कार्य कर चुके डॉ. दानिश का कहना है कि जब मरीज को अस्पताल में लाया गया था तो उसके शरीर में प्लेटलेट्स काउंट 16 हजार था ऐसे में डॉ. अजय तिर्की द्वारा बिलासपुर से तत्काल प्लेटलेट्स का जम्बो पैक उपलब्ध कराया गया इसके साथ ही समय पर युवक अपने अंगूठे के साथ पहुंचा था और यही वजह है की उसका अंगूठा फिर से जुड़ गया और पूरी तरह से काम भी कर रहा है।

- पूरी तरह से काम कर रहा युवक का अंगूठा

## पार्वतीपुर व दुर्गापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन



**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत पार्वतीपुर एवं दुर्गापुर में संपन्न हुआ। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा की छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार बन गई है। राज्य की सरकार हर गरीब किसान वर्ग के लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। विधायक ने सभी विभाग के इस्टाल का जायजा लिया साथ ही प्रधान मंत्री आवास के हितग्राहियों ने अपने आवास को पूर्ण कर लिया है उन्हे प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए कीटनाशक दवाई छिड़काव के लिए ड्रोन मशीन का ट्रायल किया। इस दौरान अजय शयाम, सिंगारो बाई, बीरेंद्र जायसवाल, जगमोहन सिंह, महादेव सिंह, संत साहू, हिरामुनी पोर्ते, शिवनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



### ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ग्राम सोनपुर और सिलौटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुई। उन्होंने सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाने का बात कही। साथ ही ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया और योजनाओं को लेकर जागरूक किया। प्रतापपुर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में हो रहे भारत विकसित संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी कार्यक्रमों के बारे में शासन की योजनाओं को जनता तक सीधा लाभ पहुंचाना है। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज पंचायत सोनपुर और सिलौटा में आयोजित किया गया जिसमें सोनपुर के साथ चंद्रेली और मसगा सहित कई ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इस दौरान अक्षय तिवारी, संतोष सिंह, मुकेश तायल, प्रशांत सिंह, अनूप गुप्ता, विजेंद्र कश्यप, एसडीएम दीपिका नेताम, तहसीलदार पुष्पराज,जपं सीईओ पारस पैकरा, बीईओ एमएस ध्रुव के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केशवनगर में किया गया पौधरोपण

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत केशवनगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाड़े, सुखदेव सोनवानी, सरपंच सोना सिंह, उपसरपंच राजकुमार सिंह, सत्यनारायण जायसवाल, अजय गोयल, दुर्गाशंकर जायसवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, सतेन्द्र राजवाड़े, द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम विभिन्न स्थानों में आयोजित कराया जा रहा है जिससे कि संतुलित पर्यावरण की ओर अपना योगदान दिया जा सके।












